**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**28.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे**

**मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने कुल्लू जिला के दो दिवसीय प्रवास के पहले दिन आज बंजार विधानसभा क्षेत्र में 74 करोड़ 47 लाख रूपये की 19 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास किए। इस दौरान देहूरी में एक जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने बंजार में सीबीएसई बोर्ड आधारित राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल और दस हजार लीटर क्षमता वाला मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और यह प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने प्रदेश की जनता की संपदा को लुटाया और विधानसभा चुनाव जीतने के लिए 5 हज़ार करोड़ रुपये की चुनावी रेवड़ियां बांट दी गईं। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर को शिक्षा के स्तर में गिरावट के लिए जिम्मेदार ठहराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा व दिल्ली राज्यों को 14 साल से लंबित बीबीएमबी का एरियर हिमाचल को देने संबंधी शपथ पत्र सुप्रीम कोर्ट में दायर करने पर किशाऊ बांध के मुद्दे पर बातचीत होगी। इस बीच मुख्यमंत्री ने इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि के तहत बंजार विकास खंड की 2 हज़ार 2 सौ 38 पात्र महिलाओं को एक करोड़ 71 हज़ार की सम्मान राशि भी हस्तांतरित की।

**भाजपा ज्ञापन**

प्रदेश भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से मुलाकात कर उन्हें विमल नेगी मौत मामले को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल, प्रदेश प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन और भाजपा सांसद व विधायक मौजूद रहे। इस दौरान भाजपा ने ज्ञापन में 5 मांगें की हैं। पत्रकारों से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने ये जानकारी दी।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि विमल नेगी मामले में भाजपा उनके परिवार को न्याय दिलाने के पक्ष में हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए।

**विक्रमादित्य**

इस बीच लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विमल नेगी के परिवार को न्याय दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है और सीबीआई को हर स्तर पर सहयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने इस मामले से जुड़े अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करके ये स्पष्ट किया है कि किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली में उतावलापन दिखाई देता है और उन्होंने जल्दबाजी में आधारहीन तथ्यों को पेश करते हुए सरकार के खिलाफ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है।

**सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल**

आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने का भारत का संदेश और सीमा पार से आतंकवाद के मामले पर पाकिस्तान को बेनकाब करने के उद्देश्य से विश्वभर में भेजे गये भारत के बहुदलीय प्रतिनिधि मंडलों की यात्रा के दौरान अलग–अलग देशों में नेताओं, सांसदों, बुद्धिजीवियों, मीडिया और नागरिक समाज के साथ उनकी बातचीत के माध्यम से दिया जा रहा है। जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय झा की अगवाई में संसदीय प्रतिनिधिमंडल आज जकार्ता, इंडोनेशिया पहुंच गया है। यह भारत के ऑपरेशन सिंदूर पर किए गए कूटनीतिक प्रयास का हिस्सा है। सांसद संजय झा ने कहा कि उनका उद्देश्य भारत के आतंकवाद के खिलाफ मजबूत प्रतिबद्धता को समझाना था। उन्होंने भारत के जीरो टॉलरेंस दृष्टिकोण का समर्थन किया।

***सारी पार्टी एक साथ खरी है इस लड़ाई में। देश में भी लोग मान लिया है कि enough is enough हो गया। अब अगर इस तरह का घटना होगा, तो हम केवल note exchange नहीं करेंगे, information share नहीं करेंगे, we will go deep inside and we will hit you or hit you like anything। ये एक resolve ले करके गया है। दुनिया में भी हम लोग जा करके यही बता रहे हैं।***